## महत्वपूर्ण एवं खास

### विश्व सिकल सेल दिवस पर मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन आज

#### कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में होगा आयोजन

**रायगढ़।** 19 जून विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में पूर्वान्ह 11 बजे से मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन होगा। जहां सिकलसेल, ट्यूबर क्लोसिस (टीबी)तथा अन्य बीमारियों से संबंधित स्क्रीनिंग तथा जांच इत्यादि किया जाएगा। उक्त हेल्थ कैम्प में टीबी, शुगर इत्यादि से संबंधित परीक्षण भी नि:शुल्क होगा। उक्त कार्यक्रम में भारत सरकार के सिकलसेल संबंधी विशेषज्ञों के उद्बोधन हेतु ऑनलाईन प्रसारण की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों इत्यादि पर भी सिकलसेल की स्क्रीनिंग एवं बचाव संबंधी विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शासन से प्राप्त विशेष निर्देशों के अनुसार जिले के धरमजयगढ़ विकासखण्ड में स्थित पीवीटीजी बिरहोर बाहुल्य ग्राम खलबोरा में भी सिकलसेल के संबंध में जागरूकता एवं उपचार हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### संबंधित पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर कार्य करें प्रभारी राजस्व निरीक्षक : कलेक्टर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने किसानों, जिले के नागरिकों, स्कूली बच्चों आदि के जरूरी कार्यों को मद्देनजर सभी प्रभारी राजस्व निरीक्षक (आर आई) को निर्देशित किया है कि वे संबंधित पटवारी के कार्यालय में उपस्थित होकर जनता के कार्यों को प्रतिदिन करें। कलेक्टर ने कहा है कि सभी राजस्व निरीक्षक जिले के जनता, नागरिकों को पटवारी संबंधी नकल, नक्शा, पटवारी प्रतिवेदन जैसे कार्य तत्काल उपलब्ध कराएं। उल्लेखनीय है कि किसानों को कृषि के खाद बीज के साथ साथ पीएम किसान सम्मान निधि और अन्य योजनाओं के लिए पटवारी संबंधित कार्य जुड़े होते हैं। इसी प्रकार स्कूली बच्चों के जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र के आवेदन के लिए भी पटवारी प्रतिवेदन जरूरी है।

### कलेक्टर साहू ने हड़ताल में सम्मिलित पटवारी के हल्के का समस्त प्रभार राजस्व निरीक्षक को सौंपा

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जिले में कार्यरत पटवारियों के 12 जून 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से राजस्व संबंधित समस्त काम प्रभावित हो रहे हैं। इससे आम जनता का राजस्व से संबंधित कार्य प्रभावित नहीं हो, को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने हड़ताल में सम्मिलित पटवारी के हल्के का समस्त प्रभार राजस्व निरीक्षक को सौंपा है और पालन प्रतिवेदन तत्काल कार्यालय कलेक्टर (भू - अभिलेख) जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ कार्यालय को उपलब्ध कराने निर्देशित किया है। इस आशय का पत्र कलेक्टर धर्मेश साहू ने सारंगढ़ और बिलाईगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) को जारी किया है। अपने पत्र में कलेक्टर साहू ने राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के सूचना पत्र 7 जून 2024 एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के तहसीलदारों से प्राप्त प्रतिवेदन को संदर्भ किया है।

### 24 जून से होगा वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी का नि:शुल्क मासिक प्रशिक्षण

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** रायगढ़ एवं सारंगढ़ -बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीणों के लिए वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कोर्स का नि:शुल्क मासिक प्रशिक्षण 24 जून से प्रारंभ किया जाएगा, जो 23 जुलाई 2024 तक संपन्न होगा। प्रशिक्षण के लिये वाट्सअप नंबर 7974942078 में पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहना,खाना एवं सीखना पूर्णत: नि:शुल्क हैं। अधिक जानकारी के लिए भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान रायगढ़ में और 8656919787, 7999984982 पर संपर्क कर सकते हैं। इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़ -बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवक, युवती एवं महिला, पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 08 वीं पास और 12वी पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड,बैंक पासबुक एवं 05 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टी.वी. टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में पंजीयन करा सकते हैं। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिये 35-35 सीट निर्धारित हैं।

---

### प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने जारी की पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त

# देश के 9.26 करोड़ किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण किए लगभग 20 हजार करोड़ रुपए की राशि

### जिले के 85 हजार 612 किसानों के खाते में 17 करोड़ 31 लाख रुपये की राशि हुई अंतरित

- कृषि विज्ञान केंद्र में संपन्न हुआ वर्चुवल कार्यक्रम, लाभार्थी किसान हुए शामिल

**रायगढ़**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के कार्यक्रम में शामिल होकर पीएम किसान सम्मान निधि योजना के 17वीं किस्त देश के 9.26 करोड़ किसानों के खातों में लगभग 20 हजार करोड़ रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण किए। जिसमें रायगढ़ जिले के कुल 85 हजार 612 किसानों के खाते के 17 करोड़ 31 लाख की राशि डीबीटी के माध्यम से जारी हुआ। रायगढ़ में जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र रायगढ़ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवों से आये लाभार्थी किसान वर्चुअल कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें मोटे अनाज, औषधि गुण वाले एवं प्रकृति खेती की ओर बढऩा होगा। आज पीएम किसान समृद्धि केंद्रों के माध्यम से किसानों के लिए एक बड़ा सपोर्ट सिस्टम विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि माता बहनों के बिना खेती की कल्पना संभव नहीं है। जिसके लिए माता बहनों की भूमिका का विस्तार किया जा रहा है। नमो ड्रोन दीदी की तरह ही कृषि सखी कार्यक्रम ऐसा ही एक प्रयास है। जिसमें कृषि सखी के रूप में कृषि को एक नई ताकत देखने को मिलेगी। इस दौरान मोदी ने सीधे लाभार्थियों के साथ बातचीत कर उनका हाल चाल पूछा। उन्होंने कहा कि अपने किसान भाई-बहनों का जीवन आसान बनाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। काशी की पवित्र भूमि से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त जारी करते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है।

उल्लेखनीय है कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत किसानों को हर चार महीने में 2000 रुपए की राशि तीन किस्तों में सालाना 6000 हजार रुपए मिलते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नौजवान, नारी शक्ति एवं गरीब किसान विकसित भारत का मजबूत स्तंभ है। यहीं कारण है कि मैं अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत इन्हीं के सशक्तिकरण के साथ कर रहा हूं। इसलिए सरकार बनते ही पहला फैसला किसान एवं गरीब परिवार से जुड़े फैसले लिए हैं। जिसमें पीएम आवास के तहत नए घर बनाने हो या पीएम किसान सम्मान निधि को आगे बढऩा, जिससे करोड़ो कृषक परिवारों को आगे बढऩे में मदद मिले।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज के कार्यक्रम में देश के करोड़ों किसान टेक्नोलॉजी से जुड़े हुए हैं। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम विकसित भारत के रास्ते को सशक्त करने वाला है। आज करोड़ो लखपति दीदी बनाने के कदम को बढ़ाया गया है। इसमें कृषि सखी के रूप में बहनों की नई भूमिका एवं आय के नए साधन सुनिश्चित होंगे। उन्होंने कहा कि ऐसी ही तेजी से किसान हित के कार्य होते रहेंगे। भारत को हमें दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने में कृषि व्यवस्था की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। हमें वैश्विक रूप से सोचना होगा, मार्केट को समझना होगा और दलहन तिलहन में आत्मनिर्भर बनना होगा। हमें कृषि निर्यात में अग्रणी बनना है। जिससे दुनिया के हर डाइनिंग टेबल पर भारत का खाद्य पदार्थ अथवा प्रोडक्ट दिखाना होना चाहिए।

इस अवसर पर डीन डॉ.ए.के.सिंह, उप संचालक कृषि ए.के.वर्मा, एडीए अजय जायसवाल, कृषि वैज्ञानिक डॉ.मनिषा चौधरी, कृषि वैज्ञानिक डॉ.के.डी.महंत, एडीए भगत, डॉ.सविता आदित्य, डॉ.पटेल, डॉ.एम.के.साहू, आशुतोष सहित कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

## कलेक्टर ने विश्व सिकल सेल जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**रायगढ़**

विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टोरेट परिसर से सिकल सेल जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैकरा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पीडी बस्तियां, बायोमेडिकल इंजीनियर नीति राज सिंह उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन अंतर्गत आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा रायगढ़ नगर निगम क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया के लक्षण जैसे खून की कमी, सिरदर्द तेज बुखार, थकावट सांस-फुलना, पेट में सूजन होना, हाथ पैर के जोड़ो में दर्द आदि के संबंध में लोगों को जानकारी प्रदान करते कर इसकी जांच करवाने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रायगढ़**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय, रायगढ़ के द्वारा शासकीय किरोड़ीमल विज्ञान एवं कला महाविद्यालय में भूमि का पुर्नद्धार, मरूस्थलीकरण और सूखे से निपटने की शक्ति, हमारी भूमि हमारा भविष्य, हम पुर्नद्धार की पीढ़ी है विषय पर महाविद्यालयीन, स्कूली छात्र-छात्राओं एवं जनसामान्य के साथ पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान इस वर्ष के विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता कक्षा 6 वीं से 9 वीं तक, कविता वाचन प्रतियोगिता कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक, भाषण प्रतियोगिता महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिए तथ ईको फ्रैन्डली क्राफ्ट प्रतियोगिता सभी वर्गो के लिए आयोजित किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़ एवं प्राचार्य शास.किरोड़ीमल विज्ञान एवं कला महाविद्यालय, रायगढ़ के द्वारा वैश्विक थीम पर चर्चा करते हुए भूमि बहाली एवं मरूस्थलीकरण एवं सूखे से निपटने हेतु वृक्षारोपण किए जाने पर तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु अपने विचार रखे। विभिन्न प्रतियोगिताओं में सम्मिलित हुए प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के आधार पर पुरस्कार पृथक-पृथक वितरण किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया तथा निर्णायकों को पौधे देकर सम्मानित किया गया।

## होटल मैनेजमेंट से संबंधित कोर्स में प्रवेश हेतु 27 जून तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़**

छ.ग. शासन, पर्यटन विभाग के अधीन संचालित स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलाजी एण्ड अप्लाइड न्यूट्रीशन, रायपुर द्वारा बीएससी डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्स में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 12वीं उत्तीर्ण छात्रों (आयु सीमा में बंधन नहीं) को प्रवेश दिया जाएगा। उत्तीर्ण छात्रों को जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए इच्छुक आवेदक दिनांक 27 जून 2024 तक सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण कार्यालय, रायगढ़ के ई-मेल dsda-raigarh@cg.gov.in एवं इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्स में जिले के प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदकों को मेरिट के आधार पर एजुकेशन लोन दिलाया जायेगा। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन फॉर्म हेतु जिले की वेबसाइट www.raigarh.gov.inएवं इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

बीएससी (हॉस्पिटलिटी एवं होटल एडमिनिस्ट्रेशन)जिसकी कोर्स अवधि 3 वर्ष होगी। इसी तरह डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन, डिप्लोमा इन फूड एंड बेवरेज सर्विस तथा डिप्लोमा इन हाउसकीपिंग आपरेशन के लिए कोर्स अवधिा 18-18 महीने की होगी। जिसके लिए आवेदक को 12 वीं उत्तीर्ण होना होगा। आयु सीमा में बंधन नहीं है। प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदकों को मेरिट के आधार पर एजुकेशन लोन दिलाया जाएगा।

---

## कलेक्टर गोयल ने जनदर्शन में जनसामान्य की सुनी समस्याएं

- जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**रायगढ़**

जिला स्तरीय आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में मंगलवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी मांग एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन किया। जनदर्शन में राशन कार्ड, चिकित्सा, वृद्धा पेंशन, आवास निर्माण, नल जल योजना, आर्थिक सहायता राशि जैसे विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने लोगों की समस्याओं और शिकायतें सुनी और उनसे आवेदन प्राप्त किए। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर यथासंभव निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनदर्शन में मिले आवेदनों के निराकरण में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। लोगों की समस्याओं का प्रमुखता से निराकरण करना हमारी पहली जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



जनदर्शन में वार्ड क्रमांक 38 देवारपारा की महादेवी भट्ट श्रवण यंत्र दिलाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि वह असहाय एवं वृद्ध महिला है। वह कान से बधिर है जिसकी वजह से उन्हें सुनने में काफी तकलीफ होती है। उन्होंने जनदर्शन में श्रवण यंत्र की मांग की। इसी तरह तहसील धरमजयगढ़ ग्राम-कुड़ेकेला के घुरसिंह सिदार कृत्रिम पैर एवं ट्राय सायकल की मांग हेतु आवेदन लेकर आये थे, उन्होंने बताया कि उनका बाया पैर खराब होने की स्थिति में डॉक्टरों के सलाहनुसार घुटने के ऊपर से काट दिया गया है। जिसके कारण उन्हें दैनिक दिनचर्या के कार्य करने में बहुत कठिनाई हो रही है। साथ ही कही आने-जाने हेतु ट्राय सायकल की जरूरत पड़ रही है। जिस पर कलेक्टर गोयल ने समाज कल्याण विभाग को उक्त दोनों आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए उन्हें लाभ प्रदान करने की बात कही।

वार्ड क्रमांक 25 कौहाकुण्डा के वार्डवासी तालाब गहरीकरण एवं मुक्तिधाम निर्माण के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने कहा कि यहां स्थित एकमात्र तालाब जो गहरीकरण न होने के कारण गर्मी के दिनों में पूरी तरह से सूख गया है। यह तालाब गहरीकरण होता तो बरसात के दिनों में पानी से भर जाता। जिससे यहां के लोगों के लिए अपने दैनिक दिनचर्या में लाभ मिल जाता। साथ ही उन्होंने मोहल्ले में दाह संस्कार हेतु मुक्तिधाम निर्माण कराने की बात कही। उन्होंने बताया कि इस एरिया में एक भी मुक्तिधाम न होने कारण दाह संस्कार में काफी परेशानी हो रही है, खासकर बरसात के दिनों, इस संबंध में मोहल्लेवासी नगर निगम कार्यालय में कई बार आवेदन भी दे चुके है, लेकिन आज पर्यन्त यहां मुक्तिधाम नहीं बन पाया है। इसी तरह जूटमिल रायगढ़ की इन्द्रा बाई नि:शुल्क नल-जल प्रदाय योजना से लाभान्वित करने हेतु आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि वह गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवार की सदस्य है। जिनके नाम से राशन कार्ड भी जारी हुआ है। कलेक्टर से उन्होंने नि:शुल्क नल-जल योजना का लाभ दिलाने हेतु आग्रह की। कलेक्टर गोयल ने निगम कमिश्नर को आवेदनों पर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। तहसील तमनार के आमगांव निवासी छत्रपाल नायक अपने बेचे गये धान की शेष राशि के भुगतान के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने कहा कि पूर्व में बेचे गये धान की राशि अन्य व्यक्ति के खाते में चले जाने के पश्चात विभाग को इस संबंध में सूचित किया गया। जिस पर विभाग द्वारा राशि मेरे बैंक खाते में भेजी गयी है, लेकिन शेष बची राशि अब तक मुझे नहीं मिल पाया है। जिसके कारण मुझे आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर गोयल ने संबंधित विभागीय अधिकारी को आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। तहसील पुसौर के ग्राम-ठेंगापाली निवासी एकादशिया सतनामी अपने पत्नी के कैंसर के इलाज के संबंध में आर्थिक सहायता राशि प्रदाय कराने के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी विगत 3 वर्षो से कैंसर की गंभीर बीमारी से पीड़ित है। वे अपने स्तर पर इलाज करवा चुके है,लेकिन डॉक्टर ने आगे उनके इलाज के लिए 2 लाख का खर्च बताया है। उन्होंने बताया कि वह एक मजदूर वर्ग का व्यक्ति है, इतनी राशि वहन कर पाना उनके लिए मुश्किल है। उन्होंने कलेक्टर से आर्थिक सहायता राशि हेतु मांग की। कलेक्टर गोयल ने सीएमएचओ को आवेदन पर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए।

## आंगनबाड़ी में रिक्त पदों के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित

- 28 जून तक कर सकते है दावा-आपत्ति प्रस्तुत

**रायगढ़**

एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र आईटीआई कालोनी वार्ड क्रमांक 24 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पद के लिए तथा आंगनबाड़ी केन्द्र गांधीनगर बी वार्ड क्रमांक 33, आंगनबाड़ी केन्द्र मिट्ठुमुड़ा बी वार्ड क्रमांक 37, आंगनबाड़ी केन्द्र हनुमाननगर वार्ड क्रमांक 28, आंगनबाड़ी केन्द्र ढिमरापुर सी वार्ड क्रमांक 6, आंगनबाड़ी केन्द्र समाधिगली वार्ड क्रमांक 31, आंगनबाड़ी केन्द्र सेठीनगर वार्ड क्रमांक 22, आंगनबाड़ी केन्द्र आईटीआई कालोनी वार्ड क्रमांक 24 तथा आंगनबाड़ी केन्द्र यादव गली वार्ड क्रमांक 25 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद के लिए जारी प्राविधिक/अनंतिम मूल्यांकन पत्रक तैयार कर चस्पा किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो वे 19 से 28 जून 2024 सायं 5.30 बजे तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। दावा-आपत्ति हेतु आवेदन सीधे परियोजना कार्यालय में जमा कर सकते है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

---

## जलजनित रोगों को लेकर रहें सावधान, रोकथाम के लिए रखें पर्याप्त तैयारी- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

- कलेक्टर ने केसीसी निर्माण में तेजी लाने के दिए निर्देश
- जुलाई में चलेगा वृक्षारोपण अभियान, कलेक्टर गोयल ने विभागों से कहा तैयारी कर लें पूरी
- कलेक्टर गोयल ने ली समय-सीमा की बैठक

**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने आगामी बारिश के मौसम में जल जनित रोगों के रोकथाम को लेकर समुचित प्रबंध करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को देते हुए कहा कि ऐसे इलाके जहां पिछले वर्ष उल्टी, डायरिया, पीलिया जैसी बीमारियों के मामले सामने आए थे वहां इस बार विशेष सावधानी रखी जाए। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मौसमी बीमारियों के उपचार के लिए दवाइयां पर्याप्त मात्रा में रखें। इसके साथ ही भराव को स्थिति न हो इसके लिए नालियों की सफाई करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त को दिए।

कलेक्टर गोयल ने बैठक में किसानों के केसीसी निर्माण की प्रगति के बारे में विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने केसीसी निर्माण में आशानुरूप प्रगति नही होने पर गहरी नाराजगी जताई और कहा कि कृषि विभाग के साथ पशुपालन, उद्यानिकी और मछली पालन विभाग कार्ययोजना बनाते हुए केसीसी निर्माण में प्रोग्रेस लेकर आएं। अपेक्स बैंक के साथ अन्य बैंकों में लंबित आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही करने के लिए कहा। समिति स्तर पर यदि किसानों ने आवेदन दिए हैं, तो उसे भी जल्द निराकृत करने के निर्देश उन्होंने दिए।

कलेक्टर गोयल ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग में चल रहे निर्माण कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अस्पताल और अन्य भवनों के निर्माण कार्य में सीजीएमएससी द्वारा देरी किए जाने पर विभाग के सब इंजीनियर पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जहां वर्क ऑर्डर जारी कर भूमि चिन्हांकित कर ली गई है वहां तत्काल काम शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का काम बिना देरी किए शुरू करने के निर्देश दिए और कहा कि लापरवाही पर कार्यवाही होगी।

कलेक्टर गोयल ने खनिज विभाग को अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन पर की गई कार्यवाही के बारे में पूछा। उन्होंने इस माह अब तक हुई कार्यवाही को नाकाफी बताते हुए फील्ड में निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षाधिकारी से कहा कि शासन द्वारा स्कूलों की छुट्टियां एक हफ्ते बढ़ा दी गई हैं। अत: शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन की तैयारियां भी नवीन तिथि के अनुसार करें। कलेक्टर गोयल ने वन विभाग अंतर्गत तेंदूपत्ता खरीदी के भुगतान के बारे में जिले के दोनों वन मंडलों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि संग्राहकों को भुगतान समय-सीमा में हो इसका ध्यान रखें। साथ ही लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया कि इस दौरान तेंदूपत्ता संग्राहकों द्वारा बैंकों से राशि आहरण किया जाएगा। अत: कैश फ्लो की दिक्कत न हो।

कलेक्टर गोयल ने बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने ब्लॉकवार नल कनेक्शन वितरण की जानकारी और उनके चालू दशा में होने के फिजिकल वेरिफिकेशन के लिए दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने जल शक्ति अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर गोयल ने जल शक्ति अभियान के तहत जिले में भू जल सर्वेक्षण और संचयन के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। सहकारी समितियों में जन औषधि केंद्र खोले जाने की प्रक्रिया के बारे में भी उन्होंने जानकारी ली। बताया गया कि स्थल चिन्हित कर अनुमति के लिए आवेदन भेज दिया गया है। अनुमति प्राप्त होने के पश्चात जन औषधि केंद्र खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**जुलाई में चलेगा वृक्षारोपण अभियान-** कलेक्टर गोयल ने जिले में शुरू होने वाले वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों की नर्सरी में पौधों की तैयारी, वृक्षारोपण के लिए स्थल चयन जैसे बिंदुओं के आधार पर विस्तार से समीक्षा की। गौरतलब है कि अलग-अलग तिथियों में जुलाई माह में मानसून के दौरान जिले में वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। अभियान अंतर्गत उद्योगों में भी पौधारोपण किया जायेगा।

**शहरी क्षेत्रों में आयुष्मान कार्ड निर्माण में लाएं तेजी-** कलेक्टर गोयल ने बैठक में पिछले एक हफ्ते के दौरान आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने ब्लॉकवार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कार्ड निर्माण की संख्यात्मक जानकारी ली। धरमजयगढ़ और खरसिया में अच्छी प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों के साथ शहरी क्षेत्रों में आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाएं। स्वास्थ्य और पंचायत विभाग एक साथ नगरीय निकायों को इसमें कार्ययोजना के साथ फील्ड में काम करने के निर्देश दिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480